महत्वपूर्ण

संख्या-568 / 26-3-2010-4(41) / 2006

प्रेषक,

वी0के0 शर्मा,
प्रभारी मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
लखीमपुर खीरी / बहराइच / पीलीभीत / श्रावस्ती / चन्दौली /
सोनभद्र / मिर्जापुर / चित्रकूट / महोबा / झांसी / ललितपुर /
बलरामपुर / गोण्डा / गोरखपुर / सहारनपुर / महराजगंज /
इलाहाबाद / बांदा / हमीरपुर / जालौन / बिजनौर।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक : 8 फरवरी ,2010

विषयः जनपद के जनजातीय बाहुल्य वाले क्षेत्रों में रिक्त पदों को भरा जाना।

महोदय,

आप अवगत हैं कि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में प्रशासकीय मशीनरी अभी भी मजबूत नहीं है एवं पर्याप्त अवस्थापना सुविधायें भी उपलब्ध नहीं है। इन क्षेत्रों में विकास की योजनाओं का पूर्ण लाभ प्रशासकीय ढ़ाँचे के चुस्त-दुरूस्त न होने से स्थानीय जनजातियों को नहीं मिल पाता है। इन क्षेत्रों में सरकारी मशीनरी की पूर्ण व्यापकता न होने से अत्याचार के मामले भी सामने आते हैं।

2- उक्त के दृष्टिगत मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद के जनजातीय क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाले समस्त विकास खण्ड, थाना, तहसील व विकास विभाग के अन्य कार्यालयों के समस्त रिक्त पद स्थानीय स्तर पर समायोजन / स्थानान्तरण से शीघ्र भर लिये जायें तथा इन क्षेत्रों में इन पदों को आगे भी रिक्त न रखा जाय। इससे प्रदेश के पिछड़े हुए जनजातीय क्षेत्रों के विकास में सहायता मिलेगी तथा वहाँ के निवासी मुख्य धारा से जुड़ सकेंगे।

भवदीय

(वी0के0 शर्मा)
प्रभारी मुख्य सचिव।

संख्या- (1) / 26-3-2010 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- समस्त प्रमुख सचिव / सचिव को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र वाले जनपदों में रिक्त पदों की तत्काल अपने स्तर पर समीक्षा कर उनके भरे जाने के सम्बन्ध में शीघ्र कार्यवाही करने का कष्ट करें।

2- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित कि अपने मण्डल में भी उक्त आदेशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

3- निदेशक, जनजाति विकास, उ0प्र0 लखनऊ।

आज्ञा से,

(वी0के0 शर्मा)
प्रभारी मुख्य सचिव।